प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी,
जनपद मुरादाबाद।

पत्रांकः—एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./किशोर स्वास्थ्य/21/2023—24/ 4174 दिनांकः 21-08-2023

**विषयः— राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 29 मई से 02 जून, 2023 के मध्य किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

कृपया एस0पी0एम0यू0 कार्यालय के पत्र सं0 SPMU/NHM/M&E/2023-24/04/320-2, दिनांक 13.04.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके क्रम में, राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक दिनांक 29 मई से 02 जून, 2023 तक जनपद मुरादाबाद की जनपद व ब्लाक स्तरीय चिकित्सा इकाईयों, हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर, आर0बी0एस0के0 टीमों के प्लान के अनुसार स्कूल भ्रमण तथा नगरीय प्राथमिक चिकित्सालय का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया।

राज्य स्तरीय दल द्वारा जनपद की चिकित्सा इकाईयों का स्थलीय पर्यवक्षण के दौरान प्रकाश में आये बिन्दुओं के आधार पर भ्रमण आख्या प्रस्तुत की गयी है जो कि पत्र के साथ संलग्न कर सुधारात्मक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

उक्त के क्रम में निर्देशित किया जाता है कि सम्बन्धित बिन्दुओं पर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही कराकर अपनी आख्या/कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को आगामी 15 कार्यदिवस में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः पर्यवेक्षण आख्या।**

भवदीया

Pinky 19/8/23

(डा0 पिंकी जोवल)
मिशन निदेशक

पत्रांकः—एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./किशोर स्वास्थ्य/21/2023—24 तद्दिनांक

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित—

1. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद मुरादाबाद।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चि0स्वा0 एवं प0क0, मुरादाबाद।
3. अधिशासी अभियन्ता, समस्त महाप्रबन्धक/अनुभागाध्यक्ष, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
4. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, मुरादाबाद को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, मुरादाबाद को पर्यवेक्षण रिपोर्ट के सापेक्ष आवश्यक कार्यवाही एवं आख्या हेतु प्रेषित।
6. डी.सी.पी.एम., परामर्शदाता, मातृ स्वास्थ्य, डी.ई.आई.सी. मैनेजर एवं अर्बन हेल्थ को—आर्डिनेटर, एन.एच.एम, मुरादाबाद उ0प्र0।

(डा0 आनन्द कुमार अग्रवाल)
उपमहाप्रबंधक—किशोर स्वास्थ्य

प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी,
जनपद मुरादाबाद।

पत्रांकः—एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / किशोर स्वास्थ्य / 21 / 2023—24 / दिनांकः 21-08-2023

विषयः— राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 29 मई से 02 जून, 2023 के मध्य किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया एस0पी0एम0यू0 कार्यालय के पत्र सं0 SPMU/NHM/M&E/2023-24/04/320-2, दिनांक 13.04.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके क्रम में, राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक दिनांक 29 मई से 02 जून, 2023 तक जनपद मुरादाबाद की जनपद व ब्लाक स्तरीय चिकित्सा इकाईयों, हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर, आर0बी0एस0के0 टीमों के प्लान के अनुसार स्कूल भ्रमण तथा नगरीय प्राथमिक चिकित्सालय का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया।

राज्य स्तरीय दल द्वारा जनपद की चिकित्सा इकाईयों का स्थलीय पर्यवक्षण के दौरान प्रकाश में आये बिन्दुओं के आधार पर भ्रमण आख्या प्रस्तुत की गयी है जो कि पत्र के साथ संलग्न कर सुधारात्मक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

उक्त के क्रम में निर्देशित किया जाता है कि सम्बन्धित बिन्दुओं पर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही कराकर अपनी आख्या / कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को आगामी 15 कार्यदिवस में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः पर्यवेक्षण आख्या।

भवदीया

(डा0 पिंकी जोवल)
मिशन निदेशक

पत्रांकः—एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / किशोर स्वास्थ्य / 21 / 2023—24/4174-6 तद्‌दिनांक

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित—

1. जिलाधिकारी / अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद मुरादाबाद।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चि0स्वा0 एवं प0क0, मुरादाबाद।
3. अधिशासी अभियन्ता, समस्त महाप्रबन्धक / अनुभागाध्यक्ष, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
4. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, मुरादाबाद को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, मुरादाबाद को पर्यवेक्षण रिपोर्ट के सापेक्ष आवश्यक कार्यवाही एवं आख्या हेतु प्रेषित।
6. डी.सी.पी.एम., परामर्शदाता, मातृ स्वास्थ्य, डी.ई.आई.सी. मैनेजर एवं अर्बन हेल्थ को—आर्डिनेटर, एन.एच.एम, मुरादाबाद उ0प्र0।

(डा0 आनन्द कुमार अग्रवाल)
उपमहाप्रबंधक—किशोर स्वास्थ्य

# सहयोगात्मक पर्यवेक्षण आख्या जनपद–मुरादाबाद
## भ्रमण दिनांक 29 मई –02 जून, 2023

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के पत्रांक एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / एम. एण्ड.ई. / 2023–24 / 04 / 320–2 दिनांक 13.04.2023के अनुपालन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 29 मई 2023 से 02 जून 2023 के मध्य सहयोगात्मक पर्यवेक्षणके अंतर्गत जनपद–मुरादाबाद का भ्रमण व संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गयी।

टीम के सदस्य –

1. डा0 ए0के अग्रवाल, उपमहाप्रबंधक, आ0के0एस0के0, एस.पी.एम.यू., एन.एच.एम, लखनऊ।
2. डा0 राजकुमार वर्मा, ए0ई0एफ0आई0 परामर्शदाता, आर0आई0, एस.पी.एम.यू., एन.एच.एम, लखनऊ।
3. श्री विनीत सिंह, परामर्शदाता, एन.यू.एच.एम. एस.पी.एम.यू., एन.एच.एम, लखनऊ।

सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के मुख्य बिंदु निम्नवत है : –

| भ्रमण बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| **दिनांक 30.05.2023यू0पी0एच0सी0 गाड़ीखाना** | | |
| • नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गाड़ीखाना हेल्थ एण्ड वेलनेस सेटर के रूप मे उच्चीकृत किया गया है। यहां ब्रांड़िग की गयी है परन्तु एच0डब्लू0सी0 संबंधी आई0ई0सी0 का प्रदर्शन नही किया गया है। | एच0डब्लू0सी0 संबंधी आई0ई0सी0 प्रदर्शित करने हेतु निर्देशित किया गया। | UHC/MOIC |
| • चिकित्सा इकाई पर चिकित्साधिकारी का पद रिक्त है। वर्तमान मे अर्बन एच0डब्लू0सी0 हेतु चयनित चिकित्साधिकारी को यू0पी0एच0सी0 पर तैनात किया गया है। | यू0पी0एच0सी0 पर चिकित्सको के रिक्त पद District walkin के माध्यम से यथाशीघ्र भरने हेतु कहा गया। | UHC/DPM |
| • हाई रिस्क प्रेगनेन्सी के केस की ट्रेक्गि नही की जा रही है। | हाई रिस्क प्रेगनेन्सी के केस की समुचित ट्रेक्गि सुनिश्चित की जाये। | MOIC/SN/UHC |
| • चिकित्सा इकाई पर मात्र एक पुरुष स्टाफ नर्स तैनात है। स्टाफ नर्स के स्तर पर विभिन्न अभिलेख यथा एच0आर0पी0 रजिस्टर, स्टरलाईजेशन रजिस्टर, ए0एन0सी0 रजिस्टर, रेफरल रजिस्टर आदि अभिलेख अपूर्ण पाये गये। | 02 सप्ताह की भीतर अभिलेखो को अद्यतन करने हेतु निर्देशित किया गया। | SN /MOIC /UHC |
| • फार्मासिस्ट के स्तर पर मेडिसिन एक्सपायरी रजिस्टर व डेड स्टाक रजिस्टर अपूर्ण पाये गये । मेडिसिन स्टाक रजिस्टर से स्टाक का मिलान करने पर कतिपय दवाओ के स्टाक मे भिन्नता पायी गयी। | 02 सप्ताह की भीतर अभिलेखो को अद्यतन करने हेतु निर्देशित किया गया। | Pharmacist/MOIC/UHC |
| **दिनांक 30.05.2023सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– बिलारी** | | |
| • सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात 07 चिकित्सको मे से 05 अवकाश पर थे।<br>• बी.पी.एम. के अवकाश होने के कारण अभिलेखों का परीक्षण नहीं किया जा सका।<br>• चिकित्सा इकाई पर एम्बूलेंस से संबंधित कोई रजिस्टर उपलब्ध नही था पी0सी0आर0 की प्रतिया भी उपलब्ध नही थी। | नियमानुसार एम्बूलेंस से संबंधित अभिलेख अद्यतन रखने हेतु कहा गया। | चिकित्साधीक्षक |
| • माह अगस्त 2022 मे जनपद संभल से जनपद | तत्काल जनपद संभल से | |

| | | |
|---|---|---|
| मुरादाबाद मे स्थानांतरित 90 आशाओ को स्मार्ट फोन उपलब्ध नही कराया गया है। | समन्वय कर स्मार्ट फोन उपलब्ध कराने को कहा गया। | डी0सी0पी0एम0 / डी0पी0एम0 |
| • JSSK के अन्तर्गत डाईट हेतु अधिकृत कृष्णा महिला स्वंय सहायता समूह द्वारा चिकित्सालय के बाहर एक टीन शेड डालकर खाना बनाया जा रहा है जो कि भोजन की गुणवत्ता की दृष्टि से उचित नही है। | मुख्य चिकित्साधिकारी से समूह को स्वास्थ्य केन्द्र के भीतर एक कक्ष उपलब्ध कारने का अनुरोध किया गया। | चिकित्साधीक्षक / मुख्य चिकित्साधिकारी |
| • आर.बी.एस.के. टीम द्वारा मूवमेंट रजिस्टर नहीं भरा जा रहा है।<br>• मोबाइल हेल्थ टीम के स्क्रीनिंग रजिस्टर बहुत ही खराब हालत में पाये गये ।<br>• रजिस्टर में सभी प्रविष्टियां अपूर्ण पायी गयीं।<br>• टीम के पास स्क्रीनिंग करने के उपकरण उपलब्ध नहीं थे।<br>• टीम द्वारा विफ्स कार्यक्रम का अनुश्रवण नहीं किया जा रहा है।<br>• स्कूल एवं आंगनवाड़ी बंद होने के कारण टीम द्वारा कोई भी भ्रमण नहीं किया जा रहा है।<br>• गाडियों की लॉग बुक अपूर्ण पायी गयी।<br>• जी.पी.एस. के प्रयोग बिना ही गाडियों का भुगतान किया जा रहा है।<br>• बी.सी.पी.एम. मनीष के पास एन.डी.डी. की रिपोर्ट नहीं पायी गयी।<br>• फारमेंसी के स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक की प्रविष्टियां अपूर्ण पायी गयी।<br>• बिना इंडेट प्राप्त किये ही स्टौर से दवाईयां आंवटित की जा रही हैं तथा दवाई प्राप्त कर्ता के हस्ताक्षर रजिस्टर पर नहीं कराये जा रहे हैं। | समस्त बिन्दुओं पर सुधार के लिए 02 सप्ताह का समय दिया गया। | डी.ई.आई.सी. मैनेजर / चिकित्सा अधीक्षक / जनपद ीय कार्यक्रम नोडल अधिकारी |
| **दिनांक 30.05.2023हेल्थ वेलनेस सेंटर घर्मपुर– बिलारी** | | |
| • हेल्थ वेलनेस सेंटरप्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर CHO तैनात है तथा 09 आशाओ के माध्यम से 03 ग्राम कवर किये जा रहे हैं।<br>• हेल्थ वेलनेस सेंटरपर पावर बैकअप हेतु इंर्वटर की उपलब्धता नही है।<br>• NCD Screening हेतु लक्षित 30 वर्ष से अधिक आयु के महिला पुरूष की अलग– अलग सही सं0 CHO को ज्ञात नही है। | नियमानुसार पावर बैकअप की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कहा गया।<br>हेल्थ वेलनेस सेंटरका कवरेज,महिला व पुरूषो की अलग अलग लक्ष्य व स्कनिंग की प्रगति प्रदर्शित करने को कहा गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी / डी0पी0एम0 |
| • हेल्थ वेलनेस सेंटरक्षेत्र की ए0एन0एम0 व आशा का NCD Module का प्रशिक्षण नही हुआ है। | ए0एन0एम0 व आशा का NCD Module का प्रशिक्षण यथा शीघ्र पूण करने हेतु कहा गया। | सी0एच0ओ0 / बी0सी0पी0एम0 |
| • हेल्थ वेलनेस सेंटर की EDL की 56 औषधियो के सापेक्ष औसतन 25 औषधियां ही DVDMS indent के माध्यम से उपलब्ध हो पा रही हैं।<br>• गर्भवती को दी जाने वाली आयरन की लाल गोलियां उपलब्ध नहीं पायी गयी, जबकि ओ.पी.डी. रजिस्टर में लाभार्थियों को दिया जाना दर्शाया गया है। | EDL की समस्त 56 औषधियो की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु समन्वय किये जाने हेतु हा गया। | डी0सी0पी0एम0<br>डी0पी0एम0 |

| | | |
|---|---|---|
| | तत्काल आयरन की लाल गोलियां उपलब्ध कराकर सही प्रविष्टि किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। | सी0एच0ओ0 / बी0सी0पी0एम0 |

| दिनांक 31.05.2023यू0पी0एच0सी0 मझोली | | |
|---|---|---|
| **भ्रमण बिन्दु** | **सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही** | **कार्यवाही का स्तर** |
| • नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मझोली हेल्थ एण्ड वेलनेस सेटर के रूप मे उच्चीकृत किया गया है। यहां ब्रांड़िग की गयी है परन्तु एच0डब्लू0सी0 संबंधी आई0ई0सी0 का प्रदर्शन नही किया गया है। | एच0डब्लू0सी0 संबंधी आई0ई0सी0 प्रदर्शित करने हेतु निर्देशित किया गया। | UHC/MOIC |
| • लैब मे 63 के सापेक्ष सिर्फ 14 जांचे ही की जा रही हैं। • केन्द्र पर डिजीटल थर्मामीटर के स्थान पर मरकरी थर्मामीटर पाये गये जबकि रिकार्ड के अनुसार डिजीटल थर्मामीटर क्रय किये गये थे। | सभी 63 जांचे उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। | UHC/MOIC |
| • चिकित्सा इकाई पर अभिलेखो को नियमित रूप से अद्यतन नही किया जा रहा है अपितु एक ही दिन मे विगत कई दिनो के रिकार्ड अपडेट किये जा रहे हैं। जिससे कई अभिलेखो मे त्रुटियां पायी गयी। | निर्धारित प्रक्रियानुसार अभिलेखो को नियमित अद्यतन करने हेतु निर्देशित किया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी / स्टाफ नर्स / फार्मासिस्ट / एल0टी0 |
| • रोगी कल्याण समिति के अन्टाईड फंड से Patient identificationtags व बार कोड स्कैनर खरीदे गये है जिनका चिकित्सालय मे कोई उपयोग नही है। | अन्टाईड फंड से सिर्फ रोगी कल्याण हेतु आवश्यक चीजो का ही नियमानुसार क्रय किया जाये। | प्रभारी चिकित्साधिकारी / अर्बन हेल्थ क्वार्डिनेटर |

| दिनांक 31.05.2023प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ताजपुर | | |
|---|---|---|
| **भ्रमण बिन्दु** | **सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही** | **कार्यवाही का स्तर** |
| • प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर equipmentsterilisation register नही बना है। | equipmentsterilisation register बनाने हेतु निर्देशित किया गया। | Staff Nurse/MOIC |
| • प्रसव कक्ष मे elbow tap नही है। | प्रसव कक्ष मे elbow tapलगाने हेतु कहा गया। | MOIC |
| • प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अन्तर्गत कुल 60 वी0एच0एस0एन0सी0 कियाशील है जिनमे से37 ने वित्तीय वर्ष 2022–23 मे अन्टाईड धनराशि का कोई उपयोग नही किया। | वी0एच0एस0एन0सी0 को अन्टाईड फंड के सदुपयोग हेतु संवेदित किये जाने हेतु कहा गया। | BCPM/DCPM |
| • प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसव पश्चात् नवजात शिशुओं को बर्थ डोजसे आच्छादित किया जा रहा है परन्तु अन्य 0–5 वर्ष आयुर्वग के बच्चो को टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध नही है। | प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर अन्य 0–5 वर्ष आयुर्वग के बच्चो को टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध | |

| | | |
|---|---|---|
| • आर.बी.एस.के. टीम द्वारा मूवमेंट रजिस्टर नहीं भरा जा रहा है।<br>• मोबाइल हेल्थ टीम के स्क्रीनिंग रजिस्टर बहुत ही खराब हालत में पाये गये ।<br>• रजिस्टर में सभी प्रविष्टियां अपूर्ण पायी गयीं।<br>• टीम के पास स्क्रीनिंग करने के उपकरण उपलब्ध नहीं थे।<br>• टीम द्वारा विफ्स कार्यक्रम का अनुश्रवण नहीं किया जा रहा है।<br>• स्कूल एवं आंगनवाड़ी बंद होने के कारण टीम द्वारा कोई भी भ्रमण नहीं किया जा रहा है।<br>• गाडियों की लॉग बुक अपूर्ण पायी गयी।<br>• जी.पी.एस. के प्रयोग बिना ही गाडियों का भुगतान किया जा रहा है।<br>• बी.सी.पी.एम. द्वारा दी गयी एन.डी.डी. की रिपोर्ट कूट रचित पायी गयी।<br>• रिपोर्ट का संकलन किस आधार पर किया गया, इसका कोई भी जवाब अथवा दस्तावेज उपलब्ध नहीं था।<br>• किशोर स्वास्थ्य मंच की रिपोर्ट अपूर्ण पायी गयी।<br>• ब्लाक स्तरीय विफ्स प्रशिक्षण की रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी। | कराने हेतु सुझाव दिया गया।<br><br>मुख्य चिकित्साधिकारी से समूह को स्वास्थ्य केन्द्र के भीतर एक कक्ष उपलब्ध कारने का अनुरोध किया गया।<br><br>समस्त बिन्दुओं पर सुधार के लिए 02 सप्ताह का समय दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी / जिला प्रतिरक्षण अधिकारी<br><br>चिकित्साधीक्षक / मुख्य चिकित्साधिकारी<br><br>डी.ई.आई.सी. मैनेजर/चिकित्सा अधीक्षक/जनपदीय कार्यक्रम नोडल अधिकारी |
| **दिनांक 31.05.2023हेल्थ वेलनेस सेंटर दादूपुर– ताजपुर** | | |
| • हेल्थ वेलनेस सेंटरपर पावर बैकअप हेतु इंर्वटर की उपलब्धता नही है।<br>• NCD Screening हेतु लक्षित 30 वर्ष से अधिक आयु के महिला पुरूष की अलग– अलग सही सं0 CHO को ज्ञात नही है।<br>• हेल्थ वेलनेस सेटर के बगल मे स्थित उपकेन्द्र के पुराने भवन मे ग्रामवासियो द्वारा पशु बांधने तथा समान रखने के लिए प्रयोग किया जा रहा है। भवन के किसी भी दरवाजे एवं खिडकी मे पल्ले नही थे। ए0एन0एम0 आगंनवाड़ी केन्द्र से कार्य करती है। | नियमानुसार पावर बैकअप की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कहा गया।<br><br>हेल्थ वेलनेस सेंटरका कवरेज,महिला व पुरूषो की अलग अलग लक्ष्य व स्कनिंग की प्रगति प्रदर्शित करने को कहा गया।<br><br>भवन से ग्रामवासियो का अतिक्रमण हटाने व मरम्म्त कर ए0एन0एम0 द्वारा प्रयोग मे लाने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी / डी0पी0एम0<br><br>सी0एच0ओ0/बी0सी0पी0एम0<br><br>प्रभारी चिकित्साधिकारी / डी0पी0एम0 |

**दिनांक 01–06–2023 जिला महिला चिकित्सालय– मुरादाबाद**
**पोषण एवं पुर्नवास केन्द्र (एन0आर0सी0), जनपदीय पुरूष चिकित्सालय,**

- एन आर सी वार्ड मे 12 बेड में से 7 पर मरीज उपस्थित थे, प्राप्त अभिलेखों के अनुसार कुछ बच्चे छुट्टी पर घर गए हुए थे। अभिलेख पूर्ण पाए गए।
- वार्ड उचित तरीके से सुसज्जित था।
- एन आर सी वार्ड में आई0ई0सी0 प्रदर्शन प्रचुर मात्रा में था एवं दीवारों पर भी का चित्रण प्रदर्शित था।
- एल0ई0डी0 स्क्रीन पर बच्चों से सम्बन्धित आडियो विजुअल आई0ई0सी0 नहीं चलाई जा रही थी जिसके लिए निदेर्शित किया गया।
- डायटीशियन का पद रिक्त होने के कारण उसका कार्य अस्पताल की डायटीशियन द्वारा सम्पादित किया जा रहा है जोकि संतोषजनक है।
- मेडिकल आफीसर डा0 वंदना श्रीवास्तव द्वारा अवगत कराया गया कि उन्हें गत वर्ष की वार्षिक मानदेय वृद्धि अभी तक प्राप्त नहीं हुई है।
- लाभार्थियों का भुगतान भी अद्यतन पाया गया।

**किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक, जनपदीय पुरूष/महिला चिकित्सालय**

- महिला एवं पुरुष चिकित्सालय में स्थापित साथिया केन्द्रों पर दोनों काउंसलर अपनी–अपनी क्लिनिक परामर्श करते उपस्थित थे।
- दोनों कक्षों में ब्रान्डिंग का कार्य हो चुका है।
- क्लिनिक पर साइनेज था परन्तु पुरूष साथिया केन्द्र पर किसी भी तरह की कोई आई.ई.सी. नहीं थी।
- पुरूष चिकित्सालय के काउंसलर की क्लिनिक हेतु खरीदा गया कंप्यूटर उपलब्ध नहीं था।
- महिला एवं पुरूष चिकित्सालय के काउंसलर द्वारा माइक्रोप्लान के अनुसार आउटरीच एक्टिविटी की जा रहीं हैं।
- किशोर स्वास्थ्य कार्ड एवं पैम्फलेट भी उपलब्ध थे।

**डी.ई.आई.सी. –जिला महिला चिकित्सालय**

- जिला महिला चिकित्सालय में डी.ई.आई.सी. की स्थापना की गयी है। किन्तु स्टॉफ की भर्ती न होने के कारण सेंटर पर ताला बंद रहता है।
- डी.ई.आई.सी. मे कार्यरत् चिकित्सा अधिकारी डा0 सुमैला अनुपस्थित पायी गयी। उनसे चिकित्सालय के अन्य कार्य कराये जा रहे हैं।
- डी.ई.आई.सी. में समस्त उपकरण एवं फर्नीचर पिछले 02 वर्षों से अनुपयुक्त पड़ा हुआ है।

**15वें वित्त आयोगतथाPMABHIMके अन्तर्गत जनपद मे की जा रही गतिविधियो का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण।**

15वें वित्त आयोग तथा PMABHIM के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद मे स्वीकृत गतिविधियो के सापेक्ष प्रगति निम्नवत है–

| Type of Work | XVth FC | | | PMABHIM | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | No. of Facilities to be Established | Work Initiated | Work Completed/ Operationalised | No. of Facilities to be Established | Work Initiated | Work Completed/ Operationalised |
| Block Public Health Unit (BPHU) | 01 | -- | --- | 02 | --- | --- |
| Sub Centre | 22 | 20 | -- | 15 | 10 | --- |
| Urban HWCs in rented premises | 40 | 38 | Branding completed in 38 UHWC | | | |

**दिनांक 31.05 2023– निर्माणाधीन उपकेन्द्र ककरघटा ब्लाक ताजपुर**

उपकेन्द्र ककरघटाके निर्माण का कार्य अभी लगभग 10–15 प्रतिशत पूर्ण हुआ है। कार्यदायी संस्था यू0पी0पी0सी0एल0 द्वारा नियुक्त निर्माण ऐजेन्सी के प्रतिनिधि ने बताया कि अगले 02 माह मे भवन पूर्ण कर हैडओवर कर दिया जायेगा।

**दिनांक01.06.2023अर्बन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर (15th FC), जिगर कालोनी**

15 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत किराये के भवन मे संचालित अर्बन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर जिगर कालोनी मे ब्रांडिग कार्य पूर्ण हो गया है, परन्तु आई0ई0सी0 का प्रदर्शन नही हुआ है। हेल्थ एण्ड वेलनेस पर 01 चिकित्साधिकारी व 02 सर्पोट स्टाफ की तैनाती कर दी गयी है। औषधियो की उप्लब्धता नही है न ही ओ0पी0डी0 प्रारंभ हुई है। संबंधित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के माध्यम से तत्काल औषधियो की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुये ओ0पी0डी0 प्रारंभ कराने के निर्देश अर्बन हेल्थ क्वार्डिनेटर को दिये गये। अर्बन हेल्थ वेलनेस सेंटर हेतु अधिकाश सामान व उपकरण उपलब्ध करा दिया गया है परन्तु अभी इंस्टाल लही किया गया है। तत्काल इंस्टाल कराने हेतु निर्देशित किया गया।

**दिनांक 01.06.2023अर्बन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर (15th FC),भटवाली**

15 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत किराये के भवन मे संचालित अर्बन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर भटवाली मे ब्रांडिग कार्य पूर्ण हो गया है, परन्तु आई0ई0सी0 का प्रदर्शन नही हुआ है। हेल्थ एण्ड वेलनेस पर 01 चिकित्साधिकारी व 02 सर्पोट स्टाफ की तैनाती कर दी गयी है। इस हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पर औषधियो की उपलब्धता है तथा चिकित्साधिकारी द्वारा ओ0पी0डी0 की जा रही है। माह मई 2023 मे कुल 347 ओ0पी0डी0 की गयी है। अर्बन हेल्थ वेलनेस सेंटर हेतु अधिकाश सामान व उपकरण उपलब्ध करा दिया गया है परन्तु अभी इंस्टाल लही किया गया है। तत्काल इंस्टाल कराने हेतु अर्बन हेल्थ क्वार्डिनेटर को निर्देशित किया गया।

**दिनांक 01.06.2023अर्बन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर (15th FC), दीनदयाल नगर**

15 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत किराये के भवन मे संचालित अर्बन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर दीनदयाल नगर मे ब्रांडिग कार्य पूर्ण हो गया है, परन्तु आई0ई0सी0 का प्रदर्शन नही हुआ है। हेल्थ एण्ड वेलनेस पर 01 चिकित्साधिकारी व 02 सर्पोट स्टाफ की तैनाती कर दी गयी है। इस हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पर औषधियो की उपलब्धता है तथा चिकित्साधिकारी द्वारा औसतन 20–22 ओ0पी0डी0 प्रतिदिन की जा रही है। अर्बन हेल्थ वेलनेस सेंटर हेतु अधिकाश सामान व उपकरण उपलब्ध करा दिया गया है परन्तु अभी इंस्टाल लही किया गया है। तत्काल इंस्टाल कराने हेतु अर्बन हेल्थ क्वार्डिनेटर को निर्देशित किया गया।

**जिला स्तरीय बैठक–मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय**

दिनांक 01 जून 2023 को भ्रमणोपरान्त मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में समस्त आर0बी0एस0के0 टीम के सदस्यों की संयुक्त बैठक मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। बैठक में कार्यक्रम संचालन सम्बन्धी दिशा–निर्देश दिये गए। पायी गयी समस्त विसंगतियों को 02 सप्ताह में दूर किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। तदोपरान्त सुधार न होने की स्थिति में दी जाने वाली वार्षिक मानदेय वृद्धि में कटौती किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

मुख्य चिकित्साधिकारी मुरादाबाद कोउपरोक्त भ्रमण में पायी गयी कमियों से अवगत कराते हुये निराकरण हेतु चर्चा की गयी। मुख्य चिकित्साधिकारीद्वारा समस्त इंगित बिंदुओ पर तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियो को दिये गये।

(8) 23-06-23